

# अवैध हथियार गिरोह का पांचवां आरोपी गिरफ्तार

## अब तक 2 फैक्ट्रियों से 8 हथियार और निर्माण उपकरण जब्त

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 3 मई. छतरपुर पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है. थाना कोतवाली पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े पांचवें आरोपी रोहित राजा को गिरफ्तार किया है. आरोपी को ग्राम कांटी के पास से पकड़ा गया. उसके कब्जे से एक देशी बंदूक और दो देशी कट्टे बरामद किए गए हैं.**



पुलिस के अनुसार, अवैध हथियारों के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में पहले दो अवैध हथियार निर्माण इकाइयों का भंडाफोड़ किया गया था. इस कार्रवाई में पुलिस ने एक देशी बंदूक, छह देशी कट्टे, एक अधबनी पिस्टल, एक अधबना कट्टा, कारतूस तथा हथियार निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न मशीन उपकरण और संसाधन जब्त किए थे.

इस प्रकरण में पूर्व में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इनमें हथियार निर्माण करने वाले और खरीदने वाले दोनों शामिल हैं. गिरफ्तार पांचवां आरोपी रोहित राजा, ग्राम दिलनिया थाना महाराजपुर का निवासी है और वह पूर्व में अवैध शराब के एक मामले में भी लिप्त रहा है. पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों, हथियारों के नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच कर रही है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है. इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक सहित कई थाना प्रभारियों, साइबर सेल और पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# छतरपुर के पुलिस अधीक्षक बने रजत सकलेचा

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 3 मई. छतरपुर जिले की कमान अब 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी रजत सकलेचा के हाथों में होगी. शासन द्वारा उनकी नियुक्ति के**

**एसपी अगम जैन को खंडवा जिले की जिम्मेदारी सौंपी**

**आदेश जारी होने के बाद से ही जिले में उनकी कार्यशैली और व्यक्तित्व की चर्चाएं तेज हो गई हैं.**

मंगलवार तक उनके छतरपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण करने की संभावना है. आइए जानते हैं, कौन हैं

### दादा का सपना और आईपीएस तक का सफर



मध्यप्रदेश के रतलाम के रहने वाले रजत सकलेचा की सफलता की कहानी कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प की मिसाल है. उन्होंने अपने दादा बापूलाल सकलेचा का सपना पूरा करने के लिए प्रशासनिक सेवा की राह चुनी. केंद्रीय विद्यालय रतलाम से प्रारंभिक शिक्षा और फिर सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद वे दिल्ली चले गए. यूपीएससी की चुनौती को उन्होंने तीसरे प्रयास में पार किया और 2016 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए चुने गए.

रजत सकलेचा और उनकी अब तक की यात्रा कैसी रही. प्रशिक्षण के बाद रजत सकलेचा ने उज्जैन के बड़नगर से अपने करियर की शुरुआत की. ग्वालियर में सीएसपी रहते हुए उन्होंने एक बड़े दंगे और बलवे को जिस सूझबूझ से नियंत्रित किया, उसने वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान अपनी ओर खींचा. इसके बाद भोपाल जोन-1 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में उनकी पारी बेहद शानदार रही.

### कोरोना काल में दिखा मानवीय चेहरा

रजत सकलेचा केवल सख्त अधिकारी ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील इंसान भी माने जाते हैं. कोरोना काल के दौरान भोपाल में पदस्थापना के समय उन्होंने फ्रंटलाइन पर लड़ रहे पुलिसकर्मियों के भोजन, स्वास्थ्य और आवास की बेहतरीन व्यवस्था सुनिश्चित की थी. संकट के समय में उनके इस नेतृत्व की काफी सराहना हुई थी.

### छतरपुर में नई उम्मीद : सख्त भी, न्यायप्रिय भी

छतरपुर जिले में अवैध उत्खनन, गुंडागर्दी और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसना हमेशा से बड़ी चुनौती रही है. ऐसे में रजत सकलेचा की नियुक्ति से जनता को एक सख्त और न्यायप्रिय पुलिस प्रशासन की उम्मीद है. युवाओं के लिए वे एक रोल मॉडल के रूप में देखे जा रहे हैं, जिन्होंने साबित किया कि लगन हो तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है.

## आईपीएल का सट्टा खेल रहे दो युवक गिरफ्तार

**भैरूंदा.** इन दिनों चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैचों को लेकर सटोरिए भी सक्रिय बने हैं. रोजाना हर मैच में लाखों रुपए के दांव सटोरियों द्वारा लगवाए जा रहे हैं. ऐसे में पुलिस भी लगातार सक्रिय रहकर सटोरियों की धरपकड़ में जुटी है. इसी तारतम्य में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जेपी मार्केट व दुर्गा चौक पर आईपीएल के मुम्बई इंडियन्स व चैन्नई सुपुर किंग्स के चल रहे मैच पर हार जीत का दाव लगाकर सट्टा खेला जा रहा है. थाना प्रभारी भैरुन्दा घनश्याम दांगी द्वारा टीम गठित की गई एवं सूचना पर मुखबिर द्वारा बताए स्थान जेपी मार्केट व दुर्गा चौक पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही की गई.

# आभूषण, पैसों के लिए की थी वृद्धा की हत्या

## देवरी के जंगल में मिला था वृद्धा का शव

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 3 मई. छतरपुर जिले के गुलगंज थाना पुलिस ने वृद्ध महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी ने आभूषण और पैसों के**

**आरोपी गिरफ्तार**

**लालच में वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है.**

पुलिस के अनुसार, 8 अप्रैल 2026 को गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरी जंगल धसान नदी के पास एक वृद्ध महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी. सूचना पर पुलिस और एफएसएल टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए. मृतका की पहचान भंती कुशवाहा के रूप में हुई थी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया. पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में मामले की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी. जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक संदिग्ध से पूछताछ की. पूछताछ में उसने आभूषण और नकदी लूटने के उद्देश्य से हत्या करना स्वीकार कर लिया. पुलिस ने आरोपी मूलचंद्र कुशवाहा, निवासी सटई, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले, एसडीओपी रोहित अलावा, थाना प्रभारी अर्पित पाराशर, एफएसएल अधिकारी और पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही. मामले के खुलासे से क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की सराहना हो रही है.



## नशे के विरुद्ध दिया जागरुकता का संदेश

**सीहोर.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्ति तथा श्रमिकों के अधिकार एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर प्रशिक्षण सह विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि नशा विनाश का द्वार है, विशेषकर युवा वर्ग से नशे से दूर रहना चाहिए. प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय वैभव मंडलोई ने कहा कि पेरा लीगल वॉलिंटियर्स की विधिक सेवा गतिविधियों एवं आमजन को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है. सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह द्वारा नालसा डॉन और नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना के बारे में जानकारी दी.

# 10 लाख के भवन की एक साल में दरकीं दीवारें

## हाजीपुर के सामुदायिक भवन की गुणवत्ता पर उठे सवाल



**नवभारत न्यूज**
**चंदला, 3 मई. गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हाजीपुर में 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण का जीता-जागता उदाहरण बन गया है. अनुसूचित जाति-जनजाति विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत बनाए गए इस भवन की दीवारों में निर्माण के कुछ ही समय बाद गहरी दरारें पड़ गई हैं, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.**

> स्थानीय लोगों का कहना है कि जनपद स्तर के जिम्मेदार अधिकारी मोटे कमीशन के चलते आंखें मूंदे बैठे हैं, जिसके कारण ऐसे घटिया निर्माण कार्यों पर कोई कार्रवाई नहीं होती. नतीजतन, लाखों रुपये की सरकारी राशि पानी में बह रही है और आम जनता को सुविधाओं के नाम पर सिर्फ धोखा मिल रहा है. अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक जिम्मेदार अधिकारी इस तरह की अनियमितताओं पर पर्दा डालते रहेंगे और कब दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी? इस पूरे मामले में गौरीहार जनपद के सीईओ दीपा कोटिस्ताने से फोन के द्वारा संपर्क किया गया, लेकिन इस मामले में कोई बात नहीं करना चाहती हैं फोन रिसीव करना बंद कर दिया.

ग्रामीणों के अनुसार, भवन निर्माण में मानकों की खुलकर अनदेखी की गई है. दीवारें खड़ी होते ही दरकने लगीं और फर्श पूरी तरह टूटकर बिखर चुकी है.

लोगों का आरोप है कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से निर्माण राशि का दुरुपयोग किया गया और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया. ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसी पंचायत में किए गए सीसी रोड निर्माण कार्य भी अब उखड़ने लगे हैं, जो लापरवाही और भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उपयंत्री द्वारा बिना मौके पर पहुंचे ही घर बैठे मूल्यांकन और जांच रिपोर्ट तैयार कर दी जाती है.



# हाईटेंशन लाइन के करंट से दो सगे भाई झुलसे

**नवभारत न्यूज**
**हरपालपुर (छतरपुर), 3 मई. नगर के वार्ड नंबर 11 स्थित कालका मैरिज हाउस के पीछे रविवार की सुबह एक भीषण हादसा हो गया. घर की छत पर गए दो सगे भाई 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए. हादसे में दोनों भाई बुरी तरह झुलस गए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है.**

**हालत गंभीर, झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर**

**हंसी-मजाक के बीच अचानक छाया मातम**


इस घटना ने एक बार फिर रिहाइशी इलाकों के ऊपर से गुजरते मौत के तारों और बिजली कंपनी की लापरवाही को उजागर कर दिया है. जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे साहिल खान (18) और शब्बीर खान (16) अपने मकान की छत पर टहल रहे थे. तभी अचानक छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के करंट ने दोनों को अपनी ओर खींच लिया. जोरदार धमाके और नीली चिंगारी के साथ दोनों भाई बुरी तरह झुलसकर वहीं अचेत हो गए. धमाके की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग छत की ओर भागे, जहां का मंजर देख सबकी रूह कांप गई.

परिजन तत्काल दोनों भाइयों को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया. बताया जा रहा है कि करंट इतना जोरदार था कि शरीर का काफी हिस्सा बुरी तरह जल चुका है. अस्पताल के बाहर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

> हादसे के बाद पूरे वार्ड में भारी तनाव और बिजली कंपनी के खिलाफ गुस्सा व्याप्त है. स्थानीय निवासियों का आरोप है कि रिहाइशी इलाके और घरों की छतों के ठीक ऊपर से गुजरती ये हाईटेंशन लाइनें लगातार खतरों को न्योता दे रही हैं. मोहल्ले वालों ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली कंपनी से इन तारों को हटाने या अंडरग्राउंड करने की गुहार लगाई थी, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया.

# शराब दुकान पर हुआ खूनी संघर्ष और तोड़फोड़

## सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की पहचान, दो गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 3 मई.** क्षेत्र में बीती रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया. एक शराब दुकान को निशाना बनाते हुए दर्जन भर हमलावरों ने लाठियों और पत्थरों से हमला कर दिया. इस दौरान न केवल दुकान में तोड़फोड़ की गई, बल्कि वहां खड़े वाहनों को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुख्य आरोपियों की पहचान कर दो को हिरासत में ले लिया है.

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात बदमाशों के एक गुट ने सुनियोजित तरीके से शराब दुकान पर धावा बोला. हमलावरों ने दुकान के अंदर घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. बदमाशों का तांडव यहीं नहीं रुका; उन्होंने दुकान के बाहर खड़े चार पहिया वाहनों पर भी जमकर पत्थर बरसाए, जिससे गाड़ियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं. इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल व्याप्त है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की. दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने पर हमलावरों की साफ तस्वीरें सामने आईं. फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त कन्हैया, दिलीप, मनीष, शिवा, दीपेश और बुड्डु यादव के रूप में की है. पुलिस ने इन सभी के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी जैसी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

### पुरानी रंजिश की आशंका

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है. प्रारंभिक जांच में इस हमले के पीछे क्षेत्र में चल रहा पुराना विवाद बताया जा रहा है. पुलिस का दावा है कि शेष फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा. इधर, पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई है. दो लोग हिरासत में हैं और अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है. शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**धर्म** भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु, 'नंद के आनंद भयो' से गूंजा मंदिर परिसर

# कूड़नताल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 3 मई. शहर के कूड़नताल स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भक्ति की अविरल धारा बही.**



आदिवासी समुदाय और क्षेत्रवासियों के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. जैसे ही भगवान की मनमोहक झांकी सजाई गई, पूरा परिसर 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा. कथा व्यास पंडित देवेंद्र मिश्रा ने श्रीकृष्ण जन्म के आध्यात्मिक और दार्शनिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर भक्तों का कल्याण करते हैं. उन्होंने कंस के अत्याचारों और वासुदेव-देवकी के संघर्ष के बीच कान्हा के अवतरण का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए.

### भजन-कीर्तन पर थिरके श्रद्धालु

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान विशेष भजनों की प्रस्तुति दी गई. 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और झूमकर नृत्य करने लगे. पूरे मंदिर परिसर में एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ. जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष सजावट की गई और प्रसाद वितरण किया गया.

### धर्म और संस्कार का संगम

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कथा का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और आपसी भाईचारे का संदेश पहुंचाना है. आदिवासी समाज द्वारा इस बड़े आयोजन का नेतृत्व करना सामाजिक समरसता की एक नई मिसाल पेश कर रहा है. आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि आगामी दिनों में होने वाली कथा और पूर्णाहुति में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें.

# मारपीट के आरोपी को दी तीन साल की सजा

**नवभारत न्यूज**
**बिजावर, 3 मई.** छतरपुर जिले के थाना सटई क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुए मारपीट और धारदार हथियार से हमले के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मामले में आरोपी सुरेंद्र कुशवाहा के खिलाफ थाना सटई में मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने का प्रकरण दर्ज किया गया था. मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए. न्यायालय ने सभी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी सुरेंद्र कुशवाहा को दोषी पाया. अदालत ने उसे तीन वर्ष के कारावास के साथ अर्थदंड से दंडित किया. इस फैसले को न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा.

**2023 के हमले के मामले में न्यायालय का फैसला**